Phone No. 07632 – 242443 Email :prinpoly.bgt@mp.gov.in www.gpcbalaghat.ac.in

# शासकीय पॉलीटेकनिक महाविद्यालय- बालाघाट (म.प्र.)-481001

(ए.आई.सी.टी.ई.- नई दिल्ली से मान्यता प्राप्त एवं राजीव गांधी प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय -भोपाल से संबध्द)

## इंजीनियरिंग डिप्लोमा पाठ्यक्रमो मे १०वीं परीक्षा के आधार पर प्रवेश सूचना

म.प्र. शासन के तकनीकी शिक्षा एवं कौशल विकास विभाग अंतर्गत, शासकीय पॉलीटेकनिक महाविद्यालय बालाघाट की स्थापना वर्ष 1962 में हुई थी ,जो म.प्र. मे तकनीकी शिक्षा के क्षेत्र मे एक अग्रणी संस्था के रूप मे स्थापित है। वर्तमान में संस्था मे 03 वर्षीय डिप्लोमा पाठ्यक्रम के चार ब्रांच संचालित है। संस्था में संचालित कोर्सेस में प्रवेश दसवीं परीक्षा के अंको के मेरिट आधार पर होगा। प्रवेश एवं कॉउंसलिंग हेतु जानकारी निम्नानुसार है:-

१. उपलब्ध कोर्सेस; पात्रता एवं आवश्यक दस्तावेज :-- संस्था में सिविल, मेकेनिकल, इलेक्ट्रिकल एवं कम्प्यूटर साइंस इंजीनियरिंग संकाय संचालित हैं । प्रवेश हेतु प्रत्येक ब्रांच में 75 सीट उपलब्ध है । प्रवेश हेतु ईच्छुक अभ्यर्थी को 10 वीं कक्षा उत्तीर्ण होना चहिये। काऊंसलिंग एवं प्रवेश हेतु आधार कार्ड, 02 फोटो, 10 वी की अंकसूची, मूलनिवास, जाति एवं आय प्रमाण पत्र एवं टी.सी. आवश्यक है। ई डब्ल्यू एस., विकलागं, बीपीएल, चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी; एन सी सी/सैनिक संवर्ग में प्रवेश चाहने वाले के लिये संबंधित श्रेणी के प्रमाण पत्र की भी आवश्यता होगी। विकलागं श्रेणी के अभ्यर्थी को रजिस्ट्रेशन एवं च्वाइस फिलिंग करने के पूर्व विकलागंता सह उपयुक्तता प्रमाणपत्र की आवश्यता होगी, जो कि विकलांग पुनर्वास केंद्र मढ़ाताल जबलपुर से जारी किया जाता है।

२. शिक्षण शुल्क एवं अन्य शुल्क :-- महाविद्यालय मे वार्षिक शिक्षण शुल्क रू.7500/- तथा अन्य शुल्क रू. 1100/- कुल शुल्क रू.8600 है। ओवीसी/एस.सी/एस.टी. वर्ग के विद्यार्थियो को शासन के नियमानुसार छूट है। जिन विद्यार्थियो को छात्रवृत्ति की पात्रता है, उन्हे शासन द्वारा छात्रवृत्ति के साथ शिक्षण शुल्क वापस कर दी जाती है।

३. महाविद्यालय में उपलब्ध सुविधाए :--पुस्तकालय, छात्रावास(बालक एवं बालिका), केंटीन, प्रशिक्षण एवं प्लेसमेंट सेल, नि:शुल्क वाई-फाई कैम्पस, राज्य एवं केंद्र शासन द्वारा दी जाने वाली समस्त प्रकार की छात्रवृत्ति सुविधा, एस.सी/एस.टी. वर्ग के विद्यार्थियो हेतु नि:शुल्क पुस्तके एवं स्टेशनरी, सुसज्जित प्रयोगशालाये एवं वर्कशॉप, स्मार्ट क्लासरूम, खेलकूद की सुविधा एवं उच्च प्रशिक्षित फेकल्टी, सीसीटीवी सुरक्षित कैम्पस ।

४. रजिस्ट्रेशन एवं प्रवेश प्रक्रिया :- प्रवेश हेतु ईच्छुक अभ्यर्थी को आवश्यक रूप से रजिस्ट्रेशन तथा च्वाईस फिलिंग करवाना होगा। अभ्यर्थी शास. पॉलीटेक्निक महा.-बालाघाट मे उपस्थित होकर कार्यालायीन समय पर उपस्थित होकर प्रवेश हेतु सटीक जानकारी प्राप्त कर सकता है या अभ्यर्थी स्वयं घर से या किसी भी एम.पी. ऑनलाईन कियोस्क सेंटर से भी रजिस्ट्रेशन तथा च्वाईस फिलिंग कर सकता है। दस्तावेजो का सत्यापन ऑनलाईन होगा। प्रवेश सूची मे नाम आने पर ही निर्धारित तिथी को संस्था में मूल दस्तावेजो के साथ उपस्थित होकर प्रवेश लेना होगा।

५. रजिस्ट्रेशन एवं प्रवेश हेतु प्रमुख तिथियॉ :--ऑनलाईन रजिस्ट्रेशन :- 30/04/25 से 01/06/25 तक ।

६. हेल्प सेंटर का नाम :- शास.पॉलीटेक्निक महा.-बालाघाट या अधिक जानकारी हेतु वेवसाइट www. dte.mponline.gov.in मे जाकर काउंसलिंग के लिये कोर्स चुने ऑप्सन का चयन करे तथा डिप्लोमा प्रोग्राम अंतर्गत इंजीनियरिंग डिप्लोमा का चयन कर प्रवेश के संबंध में समस्त जानकारी प्राप्त कर सकते है।

७ १२ वी (गणित एवं बॉयोलाजी)/ दो वर्षीय आई टी आई उत्तीर्ण विद्यार्थी भी सीधे डिप्लोमा इंजी. के द्वितीय वर्ष मे सीधे प्रवेश प्राप्त कर सकते है।

८. आर्थिक रूप से पिछड़े सामान्य वर्ग (EWS) के अभ्यर्थियो हेतु 24 सीट उपलब्ध है।जानकारी के अभाव में इन सीटो पर प्रवेश नही हो पाता है तथा प्रतिवर्ष यह सीटें रिक्त रह जाती है। अत: सामान्य वर्ग के ऐसे अभ्यर्थी जो EWS श्रेणी में आते है ,वे EWS श्रेणी प्रमाण पत्र के साथ आवेदन कर प्रवेश प्राप्त करे।

कांऊसलिंग संबंधी किसी भी प्रकार की जानकारी हेतु निम्नांकित मोबाइल नंबरो पर कार्यालयीन समय पर संपर्क करे:-

| श्री योगेश चिले | श्री सौरभ कैथवास | श्री संतोष भलावे | श्री शैलेष सिंह | श्री रवि गिरी गोस्वामी |
|---|---|---|---|---|
| 9340827520 | 7000628214 | 9770468689 | 8319689761 | 9039393942 |

(आर एम सोनवे) 7/5/25

श्री योगेश चिले
नोडल अधिकारी कॉउंसलिंग
9340827520

प्राचार्य,शास. पॉली. महा.- बालाघाट
7974298979

Scanned with OKEN Scanner